तापमान

अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 18.7 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 3 मई, 2025



12 पेयजल और सिंचाई पानी को लेकर संयुक्त जल संघर्ष...



12 महिलाओं को सशक्त बनाकर ही बनाया जा सकता...




## खबर संक्षेप

### चोरी का मोबाइल खरीदने का आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर थाना पुलिस ने शिव किरयाना स्टोर से चोरी हुआ मोबाइल खरीदने के आरोपी देव नगर निवासी मोहित को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सिपाही पंकज ने बताया कि आरोपी मोहित मोबाइल की दुकान चलाता है और इसने किसी व्यक्ति से चोरी का मोबाइल फोन खरीदा था। पुलिस ने आरोपी से चोरी शुदा मोबाइल फोन बरामद कर लिया है।

### कार्यकारी अभियंता हांसी 5 को करेंगे सुनवाई

**हांसी।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार फोरम के तहत आने वाले जिला हिसार के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत की 5 मई को दोपहर 3 से 5 बजे तक कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन डिवीजन हांसी के कार्यालय में की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि कार्यकारी अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। शिविर में 50 हजार रुपए तक की गलत बिलिंग, बोल्टेज सम्बंधित, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, खराब मीटर को बदलने में देरी इत्यादि मामलों की सुनवाई की जाएगी।

### मुद्दों को लेकर पाबड़ा में किसान पंचायत 10 को

**हिसार।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी हिसार की बैठक पृथ्वी प्रभात भवन में आज जिला प्रधान शमशेर नंबरदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। किसानों ने बैठक में पीने और खेतों के लिए सिंचाई के पानी की भारी किल्लत को लेकर रोष प्रकट किया। इस समस्या को लेकर किसान सभा किसानों को एकजुट करते हुए प्रदर्शन करेगी और सभी संगठनों को लामबंद किया जाएगा। किसान सभा जिला सचिव सतबीर सिंह धायल ने बताया कि किसान आंदोलन के मुद्दों पर 10 मई को पाबड़ा में पंचायत की जाएगी।

### निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

**बरवाला।** राजकीय महाविद्यालय, बरवाला में सड़क सुरक्षा समिति द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षित सड़क प्रथाओं और नागरिकों के रूप में जिम्मेदार व्यवहार के महत्व के बारे में जागरूक करना था। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में 10 विद्यार्थियों ने भाग लिया जबकि निबंध लेखन प्रतियोगिता में 25 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

### मैनेजमेंट के खिलाफ धरना जारी

**हांसी।** ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन का स्टाफ की कमी को लेकर सब अर्बन सब डिवीजन हांसी एसडीओ कार्यालय के सामने प्रधान अमरजीत यादव की अध्यक्षता में सातवें दिन भी धरना जारी रहा। धरने के दौरान मंच का संचालन सचिव राजेश सैनी ने किया। इस दौरान धरने पर बैठे कर्मचारियों ने निगम मैनेजमेंट के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरने को विनोद दुहन, रघुबीर शर्मा, अमीर चन्द्र जांगड़ा, रामनिवास, राजेंद्र कुलाना, कुलदीप माजरा, संदीप सैनी आदि ने सम्बोधित किया।

### परीक्षा केंद्रों का एसपी ने किया निरीक्षण

**हांसी।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की 4 मई को हांसी में दो परीक्षा केंद्रों पर होने वाली परीक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी ने बताया कि 4 मई को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्वक और बिना किसी बाह्य हस्तक्षेप के करवाने और परीक्षा देने आने वाले परीक्षार्थियों के सुगम आवागमन के लिए हांसी पुलिस ने पुख्ता प्रबंध किए है। परीक्षा 4 मई को पुलिस जिला हांसी के कुल 2 परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

## बारिश से कहीं राहत कहीं आफत, 40 एमएम बारिश से शहर जलमग्न

# बेमौसम बारिश के कारण मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़े गेहूं व सरसों भीगे

### अधिकतम पारा सामान्य से 10 डिग्री लुढ़का, लोगों को गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव चलते शुक्रवार की अलसुबह हिसार में आसपास के क्षेत्र में झमाझम बारिश हुई। एक और यह बारिश जहां लोगों को गर्मी से राहत लेकर आई वहीं दूसरी ओर अनाज मंडियों तथा खरीद केंद्रों पर खुले आसमान के नीचे पड़ा लाखों क्विंटल गेहूं व सरसों बारिश में भीग गया। गेहूं व सरसों के भीगने से किसानों में मायूसी है। इसके अलावा मंडियों में उठान ने होने के कारण बोरियों में भरा गेहूं भी बारिश में भीग गया। हालांकि मौसम में बदलाव की संभावना को देखते मंडियों में तिरपाल से गेहूं व सरसों को ढका भी गया, लेकिन अधिक फायदा नहीं हुआ। आईएमडी के अनुसार शहर में 40.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। शुक्रवार अलसुबह हुई बारिश से रात्रि और दिन के पारे में भारी गिरावट दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार पिछले लंबे समय से भीषण गर्मी का प्रकोप जारी था। दिन का अधिकतम पारा 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा था और रात्रि का पर भी सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा था। लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही थी। गुरुवार को मौसम ने पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते करवट ली और शुक्रवार की तेज हवाओं के साथ अलसुबह हिसार, हांसी, उकलाना क्षेत्र में जमकर बारिश हुई।



**हिसार।** बारिश के कारण नई अनाजमंडी में भीगा गेहूं। *फोटो : हरिभूमि*



**हिसार।** मकान की छत पर आसमानी बिजली गिरने से बना बड़ा गड्ढा।

#### शहर के निचले इलाकों में जलभराव

तेज बारिश के चलते शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। इसके चलते लोगों खासकर सुबह के समय स्कूली बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मोहल्ला सैनियान, विजय नगर, कृष्णा नगर, जयदेव ढाणी, ऑटो मार्केट, दिल्ली रोड औद्योगिक क्षेत्र, कप्तान स्कूल रोड, अर्बन एस्टेट, नई अनाज मंडी, टीबी स्कूल, नागरिक अस्पताल, जवाहर नगर, शांति नगर, राजीव नगर, बड़वाली ढाणी, महावीर, सूर्य नगर, नई सब्जी मंडी रोड, शिव कॉलोनी समेत दर्जनों रिहायशी क्षेत्र बरसाती पानी की निकासी के अभाव में जलमग्न हो गए।

#### पारा 10 डिग्री सेल्सियस लुढ़का

अलसुबह हुई बारिश के कारण शहर के अधिकतम पारे में गोता लगा दिया है। बृहस्पतिवार को अधिकतम पारा 40.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जोकि शुक्रवार को लुढ़ककर 29.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह सामान्य से करीब 10.5 डिग्री सेल्सियस कम है। रात्रि पारा भी सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है।

### मकान की छत पर गिरी आसमानी बिजली लाखो रुपये का नुकसान, टला बड़ा हादसा

**बरवाला।** शहर के वार्ड 9 में आज तड़के एक मकान की छत पर आसमानी बिजली गिर गई। जिस समय यह घटना हुई उस वक्त पूरा परिवार घर में सोया हुआ था। गनीमत यह रही कि किसी तरह की कोई जान माल की हानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 9 के एक मकान में तीन परिवार मंजू रानी और अनीता रानी तथा रवि कथूरिया रहते हैं। सुबह लगभग पौने चार बजे छत पर आसमानी बिजली गिर गई। बिजली गिरने से हुए तेज धमाके से परिवार डर गया और घर से बाहर निकल आया। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां एकत्रित हो गए। आसमानी बिजली गिरने से बिजली के कई उपकरण जल गए। वहीं मकान में बड़ी बड़ी दरारें आ गई। आसमानी बिजली गिरने से इन तीनों परिवारों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया है।



**हिसार।** जलभराव को लेकर क्षेत्रवासियों से चर्चा करते मेयर प्रवीण पोपली।

### वर्षा से हुए जलभराव का मेयर प्रवीण पोपली ने किया निरीक्षण

- कार्य में देरी पर एजेंसी पर एफआईआर दर्ज करवाएं अधिकारी : मेयर प्रवीण पोपली

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

वर्षा के कारण हुए जलभराव का जायजा लेने के लिए मेयर प्रवीण पोपली ने नगर निगम व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ शहर के कई स्थानों का निरीक्षण किया। वे शहर के विजय नगर पहुंचे जहां पर सड़क बनाने का कार्य चल रहा है। इसी जगह पर रात को हुई वर्षा के कारण जलभराव हो गया था जिसको लेकर अधिकारियों को इसके समाधान के निर्देश दिए और तुरंत प्रभाव से टैंकर से पानी की निकालने को कहा। मेयर प्रवीण पोपली अधिकारियों के साथ कृष्णा नगर पहुंचे। कृष्णा नगर रेलवे लाइन के साथ-साथ जलभराव था जिसकी निकासी करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। अर्बन एस्टेट पहुंचने पर पार्षद संजय डालमिया ने मेयर प्रवीण पोपली को चार स्थानों की जलभराव की समस्या से अवगत करवाया जिस पर मेयर ने अधिकारियों को जीटी साफ करने व पानी की निकासी करने के निर्देश दिए। मेयर प्रवीण पोपली अधिकारियों के साथ सातरोड गांव पहुंचे वहां गलियों में जलभराव की समस्या थी। सातरोड गांव के बस स्टेंड से गली में अमृत योजना के तहत पेयजल की लाइन डाली जानी है परंतु कार्य में देरी हो होने पर मेयर प्रवीण पोपली ने एजेंसी पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। इसके साथ ही ऑटो मार्केट, जिंदल पार्क के पास जलभराव की निकासी के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आने वाली वर्षा से पहले शहर में जहां जलभराव की समस्या है, उसे दुरूस्त करें। पूरे शहर में जीटी व बरसाती नालों की सफाई करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पार्षद हरिसिंह सैनी, पार्षद संजय डालमिया, नगर निगम से एमई कर्मपाल सिंधू, एई सुमित कुमार, जेई कुलदीप, जेई संदीप काजल, जेई कुशल मौजूद रहे।

### बारिश के चलते रोडवेज बस और पिकअप की टक्कर में बुजुर्ग की मौत, एक घायल

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार सुबह तेज बारिश के चलते एक रोड़वेज बस ने पिकअप को टक्कर मार दी जिससे पिक अप गाड़ी में सवार एक एक वृद्ध की मौत हो गई जबकि पिकअप चालक घायल हो गया। मृतक की पहचान भैणी जाटान निवासी 75 वर्षीय रामधारी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों के बयान पर मामला दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप जांच आरंभ कर दी है। मृतक दो बेटे हैं। मृतक रामधारी के भतीजे जयकुमार ने बताया कि उसका चाचा रामधारी के साथ यूपी से पिकअप में सवार होकर वापस आ रहे थे।



फाइल फोटो मृतक रामधारी सिंह

### बरसात के कारण अनाजमंडी में खुले रखा गेहूं भीगा



**हांसी।** शहर में शुक्रवार सुबह हुई बारिश से अनाज मंडी में खुले में रखा लाखों क्विंटल गेहूं भीग गया। अनाज मंडी में अभी भी करीब एक लाख से अधिक गेहूं की बोरियां खुले में रखी हुई है। उठान की प्रक्रिया धीमी होने के चलते बरसात के कारण खुले में रखा गेहूं भीग गया। इसके कारण अनाज मंडी में रखे गेहूं व सरसों को काफी नुकसान पहुंचा है। बरसात के चलते अनाज मंडी में खुले में रखी गेहूं की बोरियां व ढेरियां बारिश में पूरी तरह से भीग गई। हालांकि बृहस्पतिवार शाम मौसम परिवर्तन के बाद बरसात की आशंका देखते हुए आढ़तियों व मंडी प्रशासन द्वारा गेहूं की कुछ ढेरियों को ढका भी गया था लेकिन उठान की प्रक्रिया धीमी होने के कारण मंडी में खुले में रखा काफी गेहूं भीग गया जिसके चलते उसके खराब होने की आशंका बढ गई है। वहीं गेहूं भीगने से किसानों व आढ़तियों की चिंता बढ़ा दी है। हांसी, सिसाय व घिराए अनाज मंडी में अब तक 10 लाख 563 क्विंटल से अधिक गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से सरकारी एजेंसियों द्वारा 9 लाख 94 हजार 197 क्विंटल गेहूं खरीद की जा चुकी।

## बरसात के बाद हांसी शहर हुआ जलमग्न

- करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी हांसी को नहीं मिल पा रही है जलभराव से निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते शहर में शुक्रवार अलसुबह हुई बरसात के साथ जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त नजर आया। बरसात के बाद हुए जलभराव के कारण जहां अभिभावकों को सुबह अपने बच्चों को स्कूल भेजने में भारी परेशानियों का सामना पड़ा वहीं नौकरीपेशा लोगों को भी अपनी ड्यूटी पर पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि शहर में जलभराव की स्थिति से निजात दिलाने के लिए प्रशासन की ओर से अक्सर बड़े बड़े दावे किए जाते रहे हैं। यहीं नहीं बरसाती पानी की निकासी के लिए शहर में करोड़ों रुपये भी खर्च किए जा चुके है। शहर में अलग-अलग क्षेत्रों में बरसाती पानी की निकासी के लिए लाइनें डाली गई है, परंतु करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बाद भी शहर को जलभराव की समस्या से निजात नहीं मिल पाई है। शुक्रवार सुबह करीब डेढ़ घंटे की बारिश के बाद एक बार फिर शहर की कई कालोनियां व सड़कें जलमग्न नजर आई। वहीं बरसात के बाद निचले क्षेत्रों में बसी कॉलोनियों व दुकानों में बरसाती पानी घुसने से जमीन रखा सामान खराब हो गया।



**हांसी।** बरसात के बाद सड़क पर जमा बरसाती पानी के बीच से गुजरता बाइक सवार।

#### बस स्टैंड परिसर में जमा हुआ डेढ फुट पानी

बरसात के बस स्टैंड पर पानी निकासी की व्यस्था ठप होने के कारण बस स्टैंड परिसर में करीब डेढ़ फुट पानी जमा हो गया। बस स्टैंड परिसर में पानी जमा होने के कारण यात्री बस स्टैंड पर बने बूथों तक नहीं पहुंच पाए। इसके चलते बस चालकों को बसें बूथों पर लगाने की बजाय बस स्टैंड गेट के बाहर शहर के अंदर से गुजरने वाले राजमार्ग पर ही खड़ा कर यात्रियों को बैठाना पड़ा। सड़क पर बसों के खड़े होने के चलते बस स्टैंड के सामने सारा दिन जाम की स्थिति बनी रही। राजमार्ग पर जाम से निजात दिलाने के ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सारा दिन कड़ी मेहनत करनी पड़ी इसके बावजूद भी बस स्टैंड के सामने रह रह कर जाम लगता रहा।



**हिसार।** पेयजल सप्लाई को लेकर निर्देश देते मेयर प्रवीण पोपली।

### नहर पर 10 ट्रेक्टर पंप सेट, 12 साइफन और 4 इलेक्ट्रिक पंपसेट पानी एकत्रित करने में जुटे

- जल्द ही जल आपूर्ति के लिए जलघरों में होगा पर्याप्त पेयजल

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

इन दिनों शहर के लगभग क्षेत्र में पेयजल की समस्या आ रही है जिसका कारण एक तो नहरबंदी और दूसरा गर्मी है। पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए मेयर प्रवीण पोपली ने अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। मेयर प्रवीण पोपली शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बालसमंद नहर पर पहुंचे जहां जनस्वास्थ्य विभाग और एचएसवीपी विभाग द्वारा पंपसेट द्वारा जल घरों में पानी भरने का कार्य चल रहा था। उन्होंने बताया कि नहर पर लगभग 10 ट्रेक्टर पंप सेट, 12 साइफन और 4 इलेक्ट्रिक पंपसेट द्वारा जलघरों में पानी भरा जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए प्रशासन के द्वारा सभी प्रबंध कर लिए गए है। जल्द ही शहर के जलघरों में पेयजल की आपूर्ति के लिए के लिए पर्याप्त जल एकत्रित कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारी दिन-रात कार्य कर रहे है। जब मेयर प्रवीण पोपली नहर पर निरीक्षण पर पहुंचे इस दौरान एसडीएम ज्योति मितल भी वहां पर मौजूद थी। इसके अलावा जनस्वास्थ्य विभाग व एचएसवीपी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि अब पेयजल की कोई समस्या नहीं होगी। पूरे शहर को पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति होगी।

## डॉ. भावना हत्या मामले में क्लर्क उदेश तीन दिन के रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

राजस्थान की डॉक्टर भावना यादव हत्या मामले में गिरफ्तार एचएयू के लिपिक उदेश को शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने आरोपी से हत्या के असली कारणों समेत अन्य कई बिंदुओं पर गहनता से पूछताछ करने के लिए अदालत से रिमांड मांगा। इस पर अदालत ने आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। बता दें कि पुलिस ने आरोपी को बृस्पतिवार की देर रात गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों के बीच लंबे समय से दोस्ती थी। दोनों ही दूर की रिश्तेदार भी है। दोनों की मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी और उसके बाद दोनों में नजदीकियां बढ़ती चली गई। जांच में यह भी सामने आया है कि परिजनों ने उदेश से दूर करने के लिए भावना को एमबीबीएस करने के लिए फिलिंपींस भेजा था। इस दौरान उदेश के परिवार ने उसकी शादी कर दी थी। हिसार पुलिस का दावा है कि भावना उदेश पर शादी और पत्नी से तलाक लेने का दबाव बना रही थी, इस कारण उसने भावना को जला दिया।



**हिसार।** डॉ. भावना मर्डर केस के आरोपी को उदेश ले जाती पुलिस टीम।

### सेल्समैन हत्या मामले में चार और गिरफ्तार

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने बालसमंद गांव में शराब ठेके पर सेल्समैन पद पर तैनात ओमप्रकाश की हत्या मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें बालसमंद निवासी संजय उर्फ सिवा,सज्जन उर्फ काला व बंटी तथा बीकानेर के अंबासर निवासी सरवन सिंह शामिल है। बताया कि उपरोक्त आरोपी बालसमंद शराब ठेके पर सेल्समैन ओमप्रकाश की हत्या की वारदात में शामिल थे। बालसमंद पुलिस चौकी में डूगरगढ़ निवासी लेखराम उर्फ अमित ने बालसमंद शराब ठेके पर सेल्समैन ओमप्रकाश की हत्या के बारे में शिकायत दी थी।

### 261 शिकायतें लंबित, 1277 शिकायतें विभागों ने की अस्वीकृत

# 6476 शिकायतें में से 4572 शिकायतों का समाधान

- समाधान शिविर सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

विकास एवं पंचायत विभाग, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ समाधान प्रकोष्ठ की साप्ताहिक जिला समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध निपटान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। आयुक्त एवं सचिव अमित अग्रवाल ने जिला व उपमंडल स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित करने और प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से संज्ञान लेने के निर्देश दिए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने जिले में समाधान शिविरों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि 1 मई तक जिला हिसार में कुल 6476 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 4572 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, जबकि 261 शिकायतें वर्तमान में लंबित हैं।




**हिसार।** वीसी उपरांत अधिकारियों को निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा। *फोटो : हरिभूमि*

#### अधिकांश शिकायतों का हुआ समाधान

अतिरिक्त उपायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने कहा कि समाधान शिविर सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं और इन शिविरों के माध्यम से जन समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। एडीसी ने बताया कि समाधान शिविरों के माध्यम से अधिकांश शिकायतों का सफलतापूर्वक समाधान कर दिया गया है। केवल वही शिकायतें फिलहाल लंबित हैं, जिनमें किसी योजना की मांग या नई परियोजना से जुड़ी बातें शामिल हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इन शिकायतों का भी शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा ताकि नागरिकों को त्वरित राहत मिल सके।इस अवसर पर हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम शालिनी चेतल, डीएसपी कमलजीत, जिला राजस्व अधिकारी विजय कुमार यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



बंदर हमेशा केला छीलकर खाते हैं। किसी भी नस्ल का बंदर छिलके सहित केला नहीं खाता।



शेर को भले ही जंगल का राजा कहा जाता है, लेकिन वह गैंडे और हाथी से कभी भी लड़ना नहीं चाहता।

# अच्छी कमाई के लिए रोबोटिक इंजीनियरिंग में बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

रोबोटिक इंजीनियरिंग एक ऐसा कोर्स है जिसकी मौजूदा समय में काफी डिमांड बढ़ गई है। यह ऐसा कोर्स है, जिसको करने के बाद स्टूडेंट्स के लिए जॉब के काफी अवसर बढ़ जाते हैं, अच्छी बात यह है कि ये कोर्स आप देश और विदेश दोनों जगह से कर सकते हैं। इसमें खर्च भी बहुत अधिक नहीं आता है। जॉब और मुनाफे के लिहाज से भी इस कोर्स की काफी अहमियत है। आने वाला समय रोबोट का ही है। ऐसे में इस फील्ड में नौकरी के बहुत अच्छे अवसर मिलेंगे। ऐसे में इस खबर के जरिए हम आपको बताएंगे कि आखिर इस कोर्स को करने के लिए आपके पास क्या योग्यता होनी चाहिए और आप इसमें कैसे करियर बना सकते हैं।

## क्या है रोबोटिक इंजीनियरिंग

यह एक तरह का ऑटोमेटिक मैकेनिकल डिवाइस है, जो कंप्यूटर प्रोग्रामिंग या मशीनी प्रोग्रामिंग भाषा की सहायता से काम करता है। इस सिस्टम में सेंसर, कंट्रोल सिस्टम, पावर सप्लाई और सॉफ्टवेयर जैसी चीजें एक साथ वर्क करती हैं। अगर हम रोबोटिक्स इंजीनियरिंग की बात करें तो यह कई ब्रांचों से मिलकर बनी है। इसमें कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर और मैकेनिकल इंजीनियर मिलकर रोबोट के डिजाइन, कंस्ट्रक्शन, पावर सप्लाई, इन्फॉर्मेशन प्रोसेसिंग और सॉफ्टवेयर पर काम करता है।

## जरूरी योग्यता क्या हैं

रोबोटिक्स के क्षेत्र में अगर आप अपना करियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं क्लास साइंस स्ट्रीम से करना होगा। इसके बाद आप मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, बीई या कंप्यूटर साइंस जैसे कोर्स में एडमिशन ले सकते हैं। वहीं, बैचलर की डिग्री पूरी करने के बाद आप रोबोटिक्स में मास्टर्स डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इस क्षेत्र में अच्छा करियर बनाने के लिए आपको इलेक्ट्रिकल, मेकैनिकल और कंप्यूटर साइंस में जुड़ी अच्छी जानकारी होनी चाहिए। रोबोटिक कोर्स एक तरह से लॉन्गटर्म रिसर्च ओरिएंटिड कोर्स है। आप इस क्षेत्र से जुड़े कुछ शार्ट टर्म्स कोर्सेज जैसे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, एडवांस रोबोटिक्स सिस्टम भी करके अपना करियर बना सकते हैं।

## आखिर क्यों खास है यह कोर्स



रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग करने के बाद आपके पास अनगिनत जॉब के मौके होते हैं। ये कोर्स करने के बाद आप रोबोट के रिसर्च एंड डेवलपमेंट, रोबोट मैन्युफैक्चरिंग एंड टेस्टिंग, क्वालिटी कंट्रोल के सेक्टर में कार्य कर सकते हैं। यहां पर आप रोबॉटिक्स इंजीनियर, रोबॉटिक्स साइंटिस्ट, टेक्नीशियन के तौर पर जॉब कर सकते हैं। वहीं रोबोटिक्स में मास्टर डिग्री करने वाले छात्र इसरो और नासा जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में जा सकते हैं। इस फील्ड के उम्मीदवारों को नासा के अलावा अन्य बहुत से प्राइवेट इंडस्ट्रीज, ऑटोमोबाइल्स और इंडस्ट्रीयल टूल्स में जॉब के अवसर मिलते हैं। इसके अलावा आप चाहें तो सेफ्टी रोबोटिक्स जैसे कि मिलिट्री या बम्ब निष्क्रिय करने वाले रोबोटिक्स के सेक्टर में भी करियर बना सकते हैं। इन जगहों पर आपको रोबोटिक्स प्रोग्रामर, रोबोटिक्स डिजाइन इंजीनियर, रोबोटिक्स सिस्टम इंजीनियर, रोबोट टेस्ट इंजीनियर, ऑटोमेटेड प्रोडक्ट डिजाइन इंजीनियर जैसे जॉब प्रोफाइल पर रहकर कार्य करना होगा।

## यहां-यहां कर सकते हैं कोर्स

रोबोटिक्स इंजीनियरिंग आप इंडिया में भी कर सकते हैं, क्योंकि यह कोर्स आईआईटी हैदराबाद, कानपुर, मुंबई, दिल्ली, गुवाहाटी, मद्रास, रूडकी सहित विदेश से भी कर सकते हैं। इसके लिए आप सबसे पहले यह स्टडी करें कि किस यूनिवर्सिटी से कोर्स करना चाहते हैं। वहां पाठ्यक्रम विवरण, निवास के लिए आवश्यक शर्तें और रोजगार परमिट, ट्यूशन खर्च और अन्य जानकारी सहित सभी प्रासंगिक जानकारी की जांच अवश्य कर लें।

| कॉलेज | शहर |
|---|---|
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | कानपुर |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | हैदराबाद |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | रुड़की |
| एमिटी यूनिवर्सिटी | गुरुग्राम |
| मणिपाल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी | मणिपाल |
| चिल्ड्रन्स यूनिवर्सिटी | वडोदरा |
| यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग | हैदराबाद |
| गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी | दिल्ली |
| एनआईई मैसूर | मैसूर |
| पीएसजी कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी | कोयंबटूर |
| इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ इन्फॉर्मेशन | इलाहाबाद |

### जर्मनी से कर सकते हैं कम खर्च में डिग्री

जर्मनी में विश्वविद्यालय रोबोटिक्स में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के इच्छुक भारतीय छात्रों सहित अंतरराष्ट्रीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं। जर्मनी में, कई विश्वविद्यालय रोबोटिक्स कायक्रम में मास्टर्स डिग्री एमएस के लिए अच्छे अवसर हैं। रोबोटिक्स प्रोग्राम में जर्मन मास्टर का कोर्स दो साल तक चलता है और 5,000 से 20,000 यूरो के बीच खर्च होता है। यहां कोर्स करने के बाद छात्रों के लिए कॅरियर के अच्छे अवसर हैं।

### यहां मिलेंगे ये जॉब करने के अच्छे अवसर

रोबोटिक्स इंजीनियरिंग करने के बाद आपके लिए जॉब के कई अवसर खुल जाते हैं, आप सेफ्टी रोबोटिक्स में जैसे मिलिट्री या बम निष्क्रिय करने वाले सेक्टर में करियर बनाने के साथ ही रोबोटिक्स प्रोग्रामर, रोबोटिक्स डिजाइन इंजीनियरिंग, रोबोटिक्स सिस्टम इंजीनियर, रोबोट टेस्ट इंजीनियर, ऑटोमेटेड प्रोडक्ट डिजाइन इंजीनियर जैसे जॉब प्रोफाइल में रहकर काम करना होगा। रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग करने के बाद आपके पास जॉब के कई विकल्प होते हैं। यही कारण है कि अब रोबोटिक्स इंजीनियरिंग की डिमांड बढ़ती जा रही है। रोबोटिक्स इंजीनियरिंग एक हाई सैलरी प्रोफेशन है। रोबोटिक्स इंजीनियरिंग के बाद आपके पैकेज की शुरुआत प्रति वर्ष 10 लाख रुपये से 20 लाख रुपये प्रति वर्ष के बीच होती है, जो आपके अनुभव के अनुसार बढ़ती रहती है।

---

## तकनीकी उपकरणों से बातचीत के तरीकों में बढ़ाएं रुचि

# वॉइस यूजर इंटरफेस डिजाइनर ; शानदार करियर विकल्प, रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान का मेल

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



यदि आप भी तकनीकी उपकरणों से बातचीत के नए तरीकों में रुचि रखते हैं और यह मानते हैं कि भविष्य में लोग स्क्रीन की बजाय अपनी आवाज़ से उपकरणों को संचालित करेंगे, तो वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर बनना एक शानदार करियर विकल्प हो सकता है। यह पेशा रचनात्मकता, भाषा और तकनीकी ज्ञान का मेल है, जो डिजिटल दुनिया को और अधिक मानवीय तथा सहज बनाता है। एक वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर का मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना होता है कि उपयोगकर्ता किसी मशीन या सॉफ़्टवेयर से स्वाभाविक और प्रभावी संवाद कर सके। वे यह तय करते हैं कि उपयोगकर्ता क्या बोलेंगे, प्रणाली कैसे समझेगी, और उसे कैसे उत्तर देना चाहिए। इसके लिए उन्हें उपयोगकर्ता अनुभव (यूएक्स), भाषाविज्ञान, मनोविज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अच्छा ज्ञान होना चाहिए।

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

- **मार्ट स्पीकर और डिजिटल सहायक** : जैसे अमेज़न एलेक्सा, गूगल असिस्टेंट
- **स्वचालित वाहन प्रणालियां** : आवाज़ द्वारा कार को नियंत्रित करना
- **स्वास्थ्य सेवाएं** : रोगियों से वॉइस नोट लेना, दवा रिमाइंडर
- **ग्राहक सेवा केंद्र** : आवाज़ आधारित उत्तरदाता प्रणाली
- **शिक्षा और विशेष आवश्यकता वाले उपयोगकर्ता** : दृष्टिहीन या अशक्तजनों के लिए वॉइस टूल्स

### रोज़गार के अवसर

वॉइस यूजर इंटरफ़ेस डिजाइन केवल तकनीकी कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हेल्थकेयर, ऑटोमोबाइल, एजुकेशन, बैंकिंग, कस्टमर सर्विस और एंटरटेनमेंट जैसे अनेक क्षेत्रों में तेजी से फैल रहा है। जैसे-जैसे लोग वॉइस असिस्टेंट्स और स्मार्ट डिवाइसेज़ के ज़रिए तकनीक से जुड़ने लगे हैं, वैसे-वैसे इस क्षेत्र में विशेषज्ञों की मांग भी बढ़ती जा रही है। एक वॉइस यूआई डिज़ाइनर न केवल टेक्नोलॉजी कंपनियों में नौकरी कर सकता है, बल्कि स्वतंत्र कंसल्टेंट, स्टार्टअप संस्थापक या शोधकर्ता के रूप में भी अपनी भूमिका निभा सकता है। इस क्षेत्र में अनुभव के साथ आप प्रोडक्ट लीड, यूएक्स डायरेक्टर या एआई डिजाइन स्ट्रैटजिस्ट जैसी महत्वपूर्ण भूमिकाओं तक पहुँच सकते हैं।

### डिजिटल दुनिया को सहज बनाने में सक्षम



#### तेज़ी से उभरता हुआ करियर

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन एक तेज़ी से उभरता हुआ और भविष्य-केन्द्रित क्षेत्र है, जिसमें संवाद, भाषा और तकनीकी समझ का अद्भुत मिश्रण होता है। यदि आप मानवीय अनुभव को तकनीकी दुनिया से जोड़ने में रुचि रखते हैं, तो यह करियर आपके लिए एक उपयुक्त विकल्प हो सकता है।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप www.career-jaano.com पर भी विज़िट कर सकते हैं।

### शिक्षा और योग्यता

#### भाषा विज्ञान के संगम पर आधारित

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन एक ऐसा क्षेत्र है जो तकनीक, डिज़ाइन और भाषा विज्ञान के संगम पर आधारित है। इस क्षेत्र में सफल करियर के लिए केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि मानव व्यवहार, संवाद शैली और डिज़ाइन सोच की भी अच्छी समझ होना जरूरी है। इसलिए यह अनुशंसा की जाती है कि विद्यार्थी बहु-विषयक पढ़ाई करें, जिसमें कंप्यूटर विज्ञान, मानव-कंप्यूटर इंटरफ़ेस, भाषाविज्ञान, और डिज़ाइन जैसे विषय शामिल हों। आज कई अग्रणी संस्थान इन विषयों में विशेष पाठ्यक्रम (कोर्स) प्रदान करते हैं, जिससे छात्रों को इस क्षेत्र की ठोस नींव मिल सके। वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइन में करियर बनाने के लिए आप नीचे दिए गए विषयों में पढ़ाई कर सकते हैं।

### यह पढ़ाई करें

- उपयोगकर्ता अनुभव डिज़ाइन (यूएक्स डिज़ाइन)
- कंप्यूटर विज्ञान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई)
- भाषाविज्ञान और मनोविज्ञान
- संचार एवं मीडिया अध्ययन
- सांख्यिकी एवं डेटा विश्लेषण

### यहां मिलेगी सफलता

**कम्युनिकेशन डिज़ाइन** : प्रभावी वाक्य संरचना और प्रतिक्रिया योजना
**उपयोगकर्ता व्यवहार की समझ** : बातचीत करने के तरीके समझना
**स्वर विश्लेषण और** भाषाई प्रसंस्करण (स्पीच प्रोसेसिंग एवं एनएलपी)
**डिज़ाइन उपकरणों** का उपयोग जैसे वौइस् फ्लो, फिगमा, डायलॉगफ़्लो
**डेटा विश्लेषण** एवं उपयोगकर्ता परीक्षण

### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. **भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), बॉम्बे
ह्यूमन कंप्यूटर इंटरेक्शन और डिज़ाइन में स्नातकोत्तर
2. **भारतीय** सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
**पाठ्यक्रम:** एनएलपी और मशीन लर्निंग में एम.टेक
3. **भारतीय** विज्ञान संस्थान (आईआईएससी), बेंगलुरु
**पाठ्यक्रम:** कंप्यूटर साइंस एंड नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग में अनुसंधान कार्यक्रम
4. **जवाहरलाल** नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), नई दिल्ली
**पाठ्यक्रम:** लैंग्वेज इंटरफ़ेस में एम.ए./एम.फिल
5. **भारतीय** जन संचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली
**पाठ्यक्रम:** डिजिटल मीडिया और कम्युनिकेशन डिज़ाइन में

#### निजी संस्थान

1. **पर्ल अकादमी,** नई दिल्ली/मुंबई
**पाठ्यक्रम:** डिजिटल इंटरफ़ेस डिज़ाइन में स्नातक कार्यक्रम
2. **एमिटी** विश्वविद्यालय, नोएडा
**पाठ्यक्रम:** यूजर इंटरफेस एवं डिज़ाइन में बी.डिज़ाइन
3. **मणिपाल** प्रौद्योगिकी संस्थान, कर्नाटक
**पाठ्यक्रम:** कंप्यूटर विज्ञान और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस में बी.टेक
4. **सिम्बायोसिस** इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, पुणे
**पाठ्यक्रम:** वौइस् और इंटरफ़ेस डिज़ाइन में स्नातक कोर्स
5. **अपग्रेड** (ऑनलाइन), गूगल प्रमाणन के साथ
**पाठ्यक्रम:** वौइस् बेस्ड इंटरफ़ेस डिज़ाइन और यूजर एक्सपीरियंस में सर्टिफिकेट कोर्स

#### आवश्यक कौशल

वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर बनने के लिए तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संवाद कौशल, रचनात्मकता और उपयोगकर्ता की सोच को समझने की क्षमता भी आवश्यक होती है। इस पेशे में आपको मशीन को इंसानों की तरह सोचने और बोलनेः लायक बनाना होता है, इसलिए संवाद संरचना, उपयोगकर्ता अनुभव डिज़ाइन, और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों की जानकारी अनिवार्य है। इसके अलावा, अलग-अलग उपकरणों और सॉफ़्टवेयर का प्रयोग, उपयोगकर्ता परीक्षण, और बहुभाषी इंटरफ़ेस डिज़ाइन करने की क्षमता भी इस क्षेत्र में सफलता दिला सकती है।

#### योग्यता

**तकनीकी कंपनियां** : गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, टाटा एलेक्सी
**ऑटोमोबाइल कंपनियां** : टेस्ला, महिंद्रा, टाटा मोटर्स
**स्वास्थ्य सेवाएं** : एआई हेल्थ स्टार्टअप्स जैसे 1 एमजी, पोर्टिया
**डिज़ाइन एजेंसियां** : टीसीएस इंटरएक्टिव, ओगिल्वी डिज़ाइन
**फ्रीलांस कार्य** : प्रोजेक्ट आधारित स्वतंत्र काम और परामर्शदाता सेवाएं

#### वेतन और संभावनाएं

भारत में भी डिजिटलीकरण और बहुभाषी वॉइस असिस्टेंट्स की आवश्यकता को देखते हुए यह क्षेत्र भविष्य में अपार संभावनाएं प्रदान करता है। यदि आप तकनीकी विशेषज्ञता के साथ-साथ रचनात्मक और भाषाई सोच रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए वैश्विक अवसरों के द्वार खोल सकता है। एक वॉइस यूज़र इंटरफ़ेस डिज़ाइनर के लिए निम्न प्रकार के वेतन एवं अवसर होते है।

- **प्रारंभिक वेतन:** 40,000 से 80,000 रुपये प्रतिमाह
- **मध्यम अनुभव (5 वर्षों तक):** 1,00,000 से 2,50,000 रुपये प्रतिमाह
- **वरिष्ठ स्तर:** 25 लाख से 40 लाख रुपये वार्षिक (कंपनियों और अनुभव पर निर्भर)
- **फ्रीलांसर:** प्रति प्रोजेक्ट 1 लाख से 5 लाख रुपये तक या 1,000 से 5,000 रुपये प्रति घंटा

---

# प्रेरणा का आधार बाहरी सामाजिक अपेक्षाओं में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता में निहित



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

आज की तेज़-रफ़्तार दुनिया में विद्यार्थियों के सामने न केवल शैक्षिक चुनौतियां हैं, बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक दबाव भी हैं। प्रेरणा, जो कभी केवल "कड़ी मेहनत" और "लक्ष्य प्राप्ति" के इर्द-गिर्द घूमती थी, अब एक गहरे और समग्र दृष्टिकोण की मांग करती है। यह लेख विद्यार्थी प्रेरणा को एक नए, अनोखे नजरिए से देखता है, जो परंपरागत तरीकों से हटकर है और आत्म-खोज, रचनात्मकता, और आंतरिक शक्ति पर केंद्रित है। प्रेरणा का आधार बाहरी पुरस्कारों या सामाजिक अपेक्षाओं में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता में निहित है। विद्यार्थियों को यह समझने की जरूरत है कि वे कौन हैं, उनकी रुचियां क्या हैं, और वे क्या हासिल करना चाहते हैं। यह प्रक्रिया एक डायरी लिखने, ध्यान करने, या अपने शौक को समय देने जैसी छोटी-छोटी गतिविधियों से शुरू हो सकती है।

## रुचियां और पढ़ाई हो सकते हैं एक-दूसरे के पूरक

उदाहरण के लिए, अगर कोई विद्यार्थी संगीत में रुचि रखता है, तो उसे गणित को संगीत की लय से जोड़कर समझाया जा सकता है। यह न केवल विषय को रोचक बनाता है, बल्कि विद्यार्थी को यह एहसास भी दिलाता है कि उसकी रुचियाँ और पढ़ाई एक-दूसरे के पूरक हो सकते हैं।

**असफलता को गले लगाना** : हमारे समाज में असफलता को अक्सर नकारात्मक रूप में देखा जाता है, लेकिन इसे प्रेरणा का एक शक्तिशाली स्रोत बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों को यह सिखाना जरूरी है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है। इसके लिए शिक्षकों और अभिभावकों को "ग्रोथ माइंडसेट" को प्रोत्साहित करना चाहिए। यह दृष्टिकोण विद्यार्थियों को विश्वास दिलाता है कि मेहनत और अभ्यास से वे बेहतर हो सकते हैं।

**एक मजेदार गतिविधि हो सकती है:** विद्यार्थियों से उनकी "सबसे बड़ी असफलता" की कहानी लिखने को कहें और फिर उससे क्या सीखा, यह साझा करने को कहें। यह न केवल उन्हें आत्म-विश्लेषण करने में मदद करता है, बल्कि उनके अंदर यह विश्वास भी जगाता है कि हर चुनौती एक अवसर है।

**रचनात्मकता को प्रेरणा का ईंधन बनाना:** पारंपरिक प्रेरणा तकनीकें जैसे टाइम-टेबल बनाना या इनाम की उम्मीद करना अब पुरानी पड़ चुकी हैं। आज के विद्यार्थी रचनात्मकता से प्रेरित होते हैं।

## समुदाय और सहयोग की शक्ति

प्रेरणा केवल व्यक्तिगत नहीं होती; यह सामूहिक भी हो सकती है। जब विद्यार्थी एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हैं, तो वे न केवल नई चीजें सीखते हैं, बल्कि एक-दूसरे को प्रेरित भी करते हैं। समूह प्रोजेक्ट्स, पीयर-टू-पीयर शिक्षण, या क्लब गतिविधियाँ विद्यार्थियों में यह भावना जगाती हैं कि वे अकेले नहीं हैं। स्कूलों में "प्रेरणा सर्कल" बनाए जा सकते हैं, जहाँ विद्यार्थी सप्ताह में एक बार इकट्ठा होकर अपनी उपलब्धियाँ, चुनौतियाँ, और सपने साझा करें। यह न केवल उन्हें भावनात्मक समर्थन देता है, बल्कि एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल भी बनाता है।

**प्रेरणा का रखरखाव:** छोटे कदम, बड़े सपने प्रेरणा को बनाए रखने के लिए बड़े लक्ष्यों को छोटे-छोटे कदमों में तोड़ना जरूरी है। विद्यार्थियों को यह सिखाना चाहिए कि हर छोटी उपलब्धि मायने रखती है। उदाहरण के लिए, अगर कोई विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहा है, तो उसे हर अध्याय पूरा करने के बाद खुद को बधाई देने के लिए प्रोत्साहित करें। यह छोटी जीतें आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं और लंबे समय तक प्रेरणा बनाए रखती हैं। साथ ही, विद्यार्थियों को यह भी याद दिलाना चाहिए कि प्रेरणा का मतलब हर समय उत्साहित रहना नहीं है। कुछ दिन आलस भरे हो सकते हैं, और यह ठीक है। ऐसे समय में खुद के साथ दयालु होना और धीरे-धीरे वापस लय में आना महत्वपूर्ण है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** किस हिमालय चोटी को सागरमाथा कहते हैं ?
(ए) नंगा पर्वत
(बी) धौलागिरि
(सी) माउंट एवरेस्ट
(डी) कंचनजंघा

**2.** एडमंड हिलेरी तथा तेनजिंग नोर्गे द्वारा विश्व की सर्वोच्च पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट पर सबसे पहले किस वर्ष विजय प्राप्त की गई ?
(ए) 1898 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1957 ई. में
(डी) 1969 ई. में

**3.** नंदा देवी चोटी है -
(ए) असम हिमालय का भाग
(बी) कुमायूं हिमालय का भाग
(सी) नेपाल हिमालय का भाग
(डी) पंजाब हिमालय का भाग

**4.** हिमालय पर्वत की एक श्रेणी अराकानयोमा कहाँ स्थित है ?
(ए) बलूचिस्तान
(बी) म्यांमार
(सी) नेपाल
(डी) थाईलैंड

**5.** जम्मू-कश्मीर में स्थित निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों का पूर्व से पश्चिम की और क्रम होगा 1. जास्कर श्रेणी 2. पीरपंजाल श्रेणी 3. काराकोरम श्रेणी 4. लद्दाख श्रेणी
(ए) 4,3,1,2
(बी) 2,1,3,4
(सी) 3,4,1,2
(डी) 1,2,3,4

**6.** भारत की सर्वोच्च पर्वत श्रेणी कौन - सी है ?
(ए) गॉडविन ऑस्टिन
(बी) कंचनजंघा
(सी) नंदा देवी
(डी) एवरेस्ट

**7.** कुल्लू घाटी निम्नलिखित पर्वत श्रेणियों के बीच अवस्थित है -
(ए) धौलाधार तथा पीरपंजाल
(बी) रणज्योति तथा नागटिब्बा
(सी) लद्दाख तथा पीरपंजाल
(डी) मध्य हिमालय तथा शिवालिक

**8.** उत्तराखंड का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर है -
(ए) बद्रीनाथ
(बी) केदारनाथ
(सी) कामेत
(डी) नंदादेवी

**उत्तर** 1.(सी) 2.(बी) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप

### भिरडाना के खेत से हजारों की केबल चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव भिरड़ाना में खेतों से हजारों रुपये की केबल चोरी कर ली। इस बारे पीड़ित किसान द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव झलनियां निवासी मनोज ने कहा है कि उसकी गांव भिरड़ाना में जमीन है। गत दिवस शाम को वह खेत में काम करके घर आ गया था। रात को अज्ञात चोर उसके खेत में जा घुसे और वहां से दो स्टार्टर और 60 फुट केबल चोरी कर ले गए। अब जब वह खेत में गया तो उसे चोरी का पता चला। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब चोर बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### काजलहेड़ी में मकान से लाखों के गहने चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव काजलहेड़ी में एक मकान में घुसकर लाखों के गहने चोरी कर लिए। इस बारे सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव काजलहेड़ी निवासी विनोद कुमार ने कहा है कि गत दिवस रात को अज्ञात चोर उसके मकान में घुस गए। चोरों ने उसके मकान से सोने का मंगलसूत्र, कानों की बालियां व अन्य सामान चोरी कर लिया।

### गोपुत्र सेना फतेहाबाद में करेगी गो सम्मेलन

**फतेहाबाद।** गौपुत्र सेना फतेहाबाद की बैठक पपीहा पार्क के सामने गौभक्त मनोज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। गौपुत्र सेना फतेहाबाद जिलाध्यक्ष गौरव सोनी ने बताया कि बैठक में ब्तौर वक्ता राष्ट्रीय संगठन महामंत्री गौपुत्र सुनील क्रांतिकारी व हिसार जिला उपाध्यक्ष प्रमोद स्वामी ने शिरकत की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुनील क्रांतिकारी ने कहा कि गौपुत्र सेना पिछले कई वर्षो फतेहाबाद सहित हरियाणा के 13 जिलों में सेवाएं दे रही। दुर्घटना में घायल व चोटिल गोवंश और अन्य बेजुबान जीवों का प्राथमिक उपचार करना और चारा-पानी प्रबंध करती हैं। इस बैठक में पुरानी जिला कार्यकारिणी निरस्त की जाती हैं, जल्द ही नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी। इस दौरान कुलदीप बिश्नोई, डॉ. प्रवीन सोनी, विक्रम सैन, विकास, सुरेन्द्र भोडियाखेड़ा, संजय आजाद नगर, डॉ. निखिल भूथन कलां, सुमित यादव, मोनू हंस कॉलोनी, अनिल पुरी, अर्जुन अशोक नगर, अजय स्वामी नगर, बजरंग बरसीन सहित अन्य गौपुत्र मौजूद रहे हैं।

### तीन मोटरसाइकिल चोरी, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** टोहाना में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। गत दिवस भी चोरों ने शहर से तीन मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गुप्ता कालोनी टोहाना निवासी रमेश कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को रात करीब सवा 9 बजे रामनगर स्थित कुटिया शांत सरोवर के बाहर खड़ा किया और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब मोटरसाइकिल बारे कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## अस्पताल में 'नो लॉस नो प्रॉफिट' पर होगा मरीजों का इलाज

# श्रीराम सेवा समिति 4 मंजिला मल्टी स्पेशलिटी चैरिटेबल अस्पताल का करेगी निर्माण

सुरेन्द्र असीजा/फतेहाबाद

फतेहाबादवासियों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस एक मल्टी स्पैशलिटी चैरिटेबल अस्पताल का निर्माण श्रीराम सेवा समिति द्वारा करवाया जा रहा है। खैरातीखेड़ा रोड एक एकड़ में बनने जा रहे इस मल्टी स्पैशलिटी अस्पताल के निर्माण पर 15 करोड़ रुपये की लागत आएगी। फिलहाल यह अस्पताल तीन मंजिला होगा और चौथी मंजिल अभी विचाराधीन है। इस अस्पताल में 'नो लॉस नो प्रॉफिट' पर मरीजों का इलाज होगा जबकि गरीब व जरूरतमंद मरीजों का इलाज बिलकुल निःशुल्क किया जाएगा। शुक्रवार को अस्पताल का शिलान्यास व भूमि पूजन मंत्रोच्चारण के साथ प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी राजकुमार जिंदल व अग्रवाल सभा के संरक्षक देवीदयाल तायल ने किया। अध्यक्षता श्री राम सेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुढ़लाडिया ने की। फतेहाबाद के विधायक बलवान ढ्ढ़सह दौलतपुरिया ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनसे जो भी सहयोग बनेगा वह हमेशा करेंगे। इस अवसर पर राम सेवा समिति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

शिलान्यास समारोह में अति विशिष्ठ अतिथि के तौर पर विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, सतपाल अरोड़ा, मुरलीधर गोयल, संजय तनेजा, सुशील सिंगला सीए, नेहा मित्तल, अशोक गर्ग, राहुल गोयल, प्रवीन नारंग, प्रवीन कुमार जिंदल एडवोकेट, रमेश कुमार बतरा, पंकज बजाज, संजय बंसल, राजेश गुप्ता, सुधीर तनेजा, बिंटू टुटेजा, चैरव सिंगला सहित अनेक प्रबुद्ध नागरिक मौजूद रहे। अंत में श्री राम सेवा समिति के पदाधिकारी कोषाध्यक्ष संजय कुमार गोयल, सह सचिव पूर्णचंद सिंगला सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।





**फतेहाबाद।** श्रीराम सेवा समिति चैरिटेबल अस्पताल की ड्राईंग व श्रीराम सेवा समिति चैरिटेबल अस्पताल का शिलान्यास करते अतिथिगण।

### अस्पताल में न्यूनतम दरों पर मिलेगी सुविधाएं

इस अस्पताल में न्यूनतम दरों पर ओपीडी होगी। प्राइवेट, सेमी प्राइवेट, जनरल वार्ड व लैब की खास सुविधा मिलेगी। फिजियोथैरेपिस्ट का अलग से वार्ड होगा। इस अस्पताल में 7 से 8 विशेषज्ञों डॉक्टरों को बाहर से बुलाकर नियुक्त किया गया है। अन्य नर्सिंग स्टाफ भी बाहर से अप्वाइंट किया गया है। बता दें कि श्रीराम सेवा समिति द्वारा आईसीयू-वेंटीलेटर युक्त एम्बुलैंस का फ्री संचालन किया जा रहा है। समिति द्वारा शहर में एक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल व दो धर्मशालाओं का भी संचालन किया जा रहा है।

### जनता की सेवा के लिए तैयार होगा अस्पताल महंगे इलाज से मिलेगी मुक्ति : बुढलाडिया

*श्रीराम सेवा समिति के प्रधान धर्मपाल बुढ़लाडिया ने बताया कि जल्द ही यह अस्पताल जनता की सेवा के लिए तैयार हो जाएगा। इस अस्पताल से जरूरतमंद परिवारों को काफी सस्ता इलाज मिलेगा और उनको महंगे दामों में इलाज के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि आमतौर पर देखने को आता था कि शहर में किसी भी तरह का चेरिटेबल अस्पताल न होने की सुरत में लोगों को महंगा इलाज करवाने पर मजबूर होना पड़ता था। कई बार आपातकालीन स्थिति में उचित इलाज न मिलने की सुरत में शहर के बाहर की ओर मरीजों को रूख करना पड़ता था। फतेहाबादवासियों की इसी परेशानी को देखते हुए संस्था के पदाधिकरियों ने एक चेरिटेबल अस्पताल के निर्माण का संकल्प लिया, जो अब साकार होने की अग्रसर हो रहा है। शिलान्यास समारोह में पहुंचे शहर के प्रबुद्धजनों व विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों ने श्री राम सेवा समिति के इस प्रोजेक्ट की भूरि-भूरि प्रशंसा की। श्री राम सेवा समिति के सचिव ज्ञानचंद मित्तल व उपप्रधान राजेंद्र मोदी ने बताया कि इस अस्पताल के निर्माण में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने अपना सहयोग किया है, जोकि काफी सराहनीय है।*



**फतेहाबाद।** कैंडल मार्च निकाल कर पहलगाम के दिवंगतों को श्रद्धांजली देते कर्मचारी व अन्य।

# पहलगाम के शहीदों की याद में कैंडल मार्च निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पेंशन बहाली संघर्ष समिति हरियाणा के बैनर तले फतेहाबाद के कर्मचारियों ने जिला अध्यक्ष नरेश जांगड़ा के नेतृत्व में अंबेडकर पार्क से शहीद भगत सिंह चौक तक कैंडल मार्च निकालकर पहलगाम के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राज्य ऑडिटर विजय भूना ने कहा कि मजदूर दिवस पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर दिल्ली में जंतर मंतर पर धरना प्रस्तावित था, लेकिन पहलगाम की दर्दनाक घटना के बाद राष्ट्रीय व राज्य कार्यकारिणी ने जंतर मंतर के धरने को स्थगित करने का फैसला किया क्योंकि पेंशन बहाली संघर्ष समिति के लिए देश सर्वोपरि है और इस बुरे दौर में पेंशन बहाली संघर्ष समिति देश के साथ खड़ी है। आज देश को एकजुट होकर देश के दुश्मनों को सबक सिखाना है और हरियाणा प्रदेश का एक एक कर्मचारी पेंशन बहाली के बैनर तले देश के साथ खड़ा है। संघर्ष समिति रिसर्च टीम हेड रमेश जांडली ने आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या को निंदनीय बताया और कहा कि ऐसा नरसंहार मानवता को शर्मशार करता है। जिला अध्यक्ष नरेश जांगड़ा ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि पेंशन बहाली संघर्ष समिति सरकार से अपील करती है कि वह इस हमले के दोषी लोगों को सबक सिखाने का काम करे ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटना ना हो। सरकार को चाहिए कि वह पैरामिलिट्री के जवानों के लिए पुरानी पेंशन लागू करें।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य जसवंत सिंह, सुनील कुमार, जिला महासचिव अजीत मेडल, जिला कोषाध्यक्ष विकास पंवार, महिला विंग प्रभारी दलवंती नैन, कमला देवी, जिला कार्यकारिणी से महेंद्र डीगवाल , अमित पूनिया, संजय लाड, रमेश चालिया, अनिल इंदल, कमल आर्य, रामनिवास, ओमप्रकाश लांग्यान, राजकुमार, धर्मवीर पीरथला,टोहाना खंड प्रधान बीरबल सिंह, भूना खंड प्रधान दलीप भाखर,भट्टू खंड प्रधान राजकुमार सिंगला, सुखबीर पूनिया, रोशन लाल, वीरेंद्र, कर्मवीर पेटवाड़, कपिल जांगड़ा, मनु,कमला, सुशील, प्रदीप, शीतल, सुरेन्द्र, रामकिशन, सुनील आदि उपस्थित रहे।*

# क्रेसण्ट स्कूल में रोबोटिक लैब का शुभारंभ

## स्मार्ट मशीनों को बनाने, निर्माण व प्रोग्राम करने का अनुभव मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

क्रेसण्ट पब्लिक स्कूल में रोबोटिक लैब का शुभारंभ किया गया। यह पहल विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों से सशक्त बनाने और उन्हें आधुनिक कौशलों से लैस करने के उद्देश्य से की गई। इससे छात्रों को स्मार्ट मशीनों को बनाने, निर्माण करने और प्रोग्राम करने का अनुभव मिलेगा।

**कोडिंग सिखाई जाएगी:** विज्ञान के बेसिक सर्किट, जो पहले विद्यार्थी किताबों में देखते थे, अब वे स्वयं बनाकर अनुभव करेंगे। विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग से संबंधित कोडिंग सिखाई जाएगी, बच्चे समझेंगे कि कैसे किसी मशीन को प्रशिक्षित किया जा सकता है। विद्यार्थी अपने स्वयं के प्रोजेक्ट और मॉडल को प्रोग्राम और उनके डिइजन का निर्माण करना सीख पाएंगे। विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग करना सिखाया जाएगा्र। विद्यार्थियों को बिजली के 3-डी बटन कैसे काम करते है, छात्रों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की अवधारणाओं के आकर्षक तरीकों से परिचित करवाएगा। इसके अलावा इसके माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से वस्तुओं को फिजिकल रूप में प्रिंट करना भी सिखाया जाएगा। रोबोटिक लैब शुरू करने का उद्वेश्य विद्यार्थियों को आधुनिक ज्ञान की शिक्षा देना है। स्कूल में रोबोटिक्स लैब स्थापित करना, छात्रों को रोबोट बनाकर और प्रोग्राम करके व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करने के लिए एक पहल है। यह पहल को सीखने में क्रांति लाने, कल की चुनौतियों के लिए तैयार करने एवं भविष्य की तकनीकी प्रगति के लिए तैयार करेगी।



**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में रोबोटिक लैब बारे जानकारी देती अध्यापिकाएं।

# अनाज मंडियों में अब तक 165058 क्विंटल सरसों फसल की हुई आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है। जिला में अब तक 165058 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 18888 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 101249 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 44921 क्विंटल की आवक हुई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 134925 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6980 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 83027 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 44918 क्विंटल सरसों फसल का उठान किया गया है। इसके साथ ही जिला में अब तक 151301 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 12963 क्विंटल व भट्टू कलां अनाज मंडी में 98257 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 40081 क्विंटल सरसों फसल की खरीद हुई है।

### जिला की मंडियों में 600669 मीट्रिक टन गेहूं की आवक के साथ 76 प्रतिशत फसल का हुआ उठान

**फतेहाबाद।** जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में अब तक 40659 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 600669 मीट्रिक टन गेहूं फसल की खरीद की गई है। इसके लिए सरकार की ओर से किसानों को 1073.29 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया है। फूड सप्लाई ने 5795 किसानों की 89282 मीट्रिक टन, हैफेड ने 16321 किसानों की 284451 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 15359 किसानों की 206419 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 3184 किसानों की 20516 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इसके साथ ही अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य भी जारी है। जिला में अब 458294 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है। जो खरीद का 76.30 प्रतिशत है। जिला में अब तक फूड सप्लाई ने 72627 मीट्रिक टन, हैफेड ने 218081 मीट्रिक टन का उठान किया गया।

## 11 पंचों ने दिया समर्थन

# गुरप्रीत सिंह बने कुलां के कार्यवाहक सरपंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

गांव कुलां में गुरप्रीत सिंह को आखिरकार पंचों ने कार्यवाहक सरपंच चुन लिया है। कार्यवाहक सरपंच के चयन को लेकर शुक्रवार को खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी कार्यालय में तीसरी बार बैठक बुलाई गई थी।

**ये था मामला :** बैठक की अध्यक्षता खंड पंचायत एवं विकास अधिकारी हनीश कुमार ने की। कुल 14 में से 12 पंचों ने बैठक में हिस्सा लिया। बता दें कि पूर्व सरपंच कुलविंदर कौर का 8 अप्रैल को निधन हो गया था। इसके बाद से यह पद खाली था। इसके बाद कार्यवाहक सरपंच चुनने को लेकर पहले हुई दो बैठकों में महिला पंच के नाम पर सहमति नहीं बन पाई थी। महिला के लिए रिजर्व सीट होने के कारण पहले महिलाओं के नाम पर विचार से शुरुआत की गई थी। शुक्रवार को हुई पंचों की तीसरी बैठक में वार्ड 9 के पंच गुरप्रीत सिंह ने कार्यवाहक सरपंच बनने का दावा पेश किया।

उनके पक्ष में 11 सदस्यों ने सहमति जताई। गुरप्रीत सिंह पूर्व सरपंच स्वर्गीय कुलविंदर कौर के बेटे हैं। गुरप्रीत सिंह को कुला गांव का कार्यवाहक सरपंच चुन लिया गया। सरपंच की मृत्यु के बाद से गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। जिसके चलते ग्राम पंचायत की बैठक भी नहीं हो पा रही थी। नए सरपंच के चुनाव से गांव में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

# वाहन चालकों को लूटने की योजना बनाते सात युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस ने ठोबा मोड़ के नजदीक रतिया रोड पर बन रहे पुल के पास से वाहन चालकों को लूटने की योजना बनाते सात युवकों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने बताया कि थाना शहर फतेहाबाद पुलिस की टीम क्राइम गस्त के दौरान अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम को अपने विश्वशनीय सूत्रों से पता चला कि 7 नौजवान लडक़े वाहन चालकों को लूटने की योजना बना रहे हैं और उनके पास हथियार भी है। इस सूचना पर टीम बताए गए स्थान से कुछ दूरी पर पहुंची और गाड़ी रोक दी। पुलिस ने पैदल चलकर कुछ दूरी पर उक्त स्थान को घेर लिया। पुलिस ने देखा कि कुछ नौजवान लडक़े खेतों में बैठे है जिनसे बाई तरफ एक कार खड़ी थी, जो आपस में बात कर रहे थे कि आज हमारे पास नशा व खर्चे के लिए पैसे नहीं है तो आज वाहन चालकों को लूटेंगे। पुलिस को देखकर सातों युवक घबरा गए और खेतों की तरफ भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस कर्मचारियों ने पीछा कर सातों युवकों को काबू कर लिया। पूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपना नाम प्रदीप उर्फ सुरेश पुत्र रोहतास उर्फ कालू निवासी बनगांव, अजीत पुत्र हनुमान सिंह निवासी किरढ़ान, रजत पुत्र पवन कुमार भोडिय़ा, मोहित पुत्र बलविंदर सिंह भोडिय़ा, अंकित पुत्र मदनलाल बिसला व अन्य को काबू किया।



**फतेहाबाद।** वाहन चालकों को लूटने की योजना बनाते गिरफ्तार युवक।

## हैफेड में सिक्योरिटी गार्ड लगाने का झांसा

# युवक से 1.10 लाख रुपये की ठगी, पुलिस ने जांच की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हैफेड में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगवाने के नाम पर एक युवक से 1 लाख 10 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस बारे में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खजूरी जाटी निवासी औम विष्णु ने कहा है कि करीब एक साल पहले उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। फोन करने वाले ने खुद को हिसार निवासी सावन बताया और कहा कि उसने हैफेड का कान्ट्रेक्टर ले रखा है। हैफेड आफिस के लिए सिक्योरिटी गार्ड की भर्ती करनी है। उसने उसे भूना हैफेड में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगाने की बात कही और बताया कि इसके लिए उसे 2 लाख रुपये देने होंगे। इसमें से 1 लाख 10 हजार नौकरी लगने से पहले और बकाया 90 हजार नौकरी लगने के बाद देने होंगे। औम विष्णु ने कहा कि वह उक्त युवक की बातों में आ गया और उसने 1 लाख 10 हजार रुपये और अपने कागजात की कॉपी उसे भेज दी। इसके बाद 20 मार्च 2025 तक वह सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी का इंतजार करता रहा। उसने सावन को बार-बार फोन किए लेकिन उसने ना तो उसे सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगवाई और न ही उसके पैसे वापस कर रहा है। इसके बाद उसने अपने साथ हुई धोखाधड़ी बारे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में साइबर सेल ने केस दर्ज किया है।

# लोगों की समस्याओं का तय समय में हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- उपायुक्त ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ तय समय में पूरा करें, ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्घता के साथ स्थाई समाधान हो, यही जिला प्रशासन की प्राथ्मिकता है, ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उपायुक्त शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत साप्ताहिक समीक्षा बैठक उपरांत जिला के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर व सीएम विंडों पर आने वाले शिकायतों के शीघ्र निपटान में तत्परता के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। प्राथमिकता के आधार पर समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निपटारा किया जा रहा है। उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं हल की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला प्रशासन द्वारा आमजन की शिकायतों के निदान के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, सीईओ जिला परिषद डा. सुभाष चंद्र, डीआरओ संजय चौधरी, डीडीपीओ बलजीत सिंह, जिला वन अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



**सिरसा।** अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण महिला संस्थान ने 'एक देश-एक चुनाव' का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण महिला संस्थान के छात्रों व अध्यापक मण्डल द्वारा एक देश एक चुनाव के समर्थन में प्रस्ताव पास कर महामहिम राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू को भेजा व एक कॉपी अभियान के जिला संयोजक बलदेव सैनी को सौंपी।

इस कार्यक्रम के निमित आईटीआई में विचार गोष्ठी का आयोजन शिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल दीपक कुमार की अगुवाई में किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में एक देश एक चुनाव के जिला संयोजक बलदेव सैनी व नप के चेयरमैन नरेश बंसल थे। मंच संचालन अभियान के नगर मण्डल प्रभारी ललित मोहन ने किया। विचार गोष्ठी में छात्राओं ने एक देश एक चुनाव विषय पर अपने विचार रखे। बलदेव सैनी ने एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रकाश डाला व सभी के सुझाव व विचार लिए।



टोहाना। आईटीआई में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

## खबर संक्षेप



मोक्ष वृद्धाश्रम में पहुंचे दक्षिण अफ्रीकी विद्यार्थी व वीडीजेएस के शिक्षक।

### दक्षिण अफ्रीका के विद्यार्थियों ने मोक्ष वृद्धाश्रम की दीवारों पर बनाई पेंटिंग

**हिसार** विद्या देवी जिंदल स्कूल के कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत स्कूल के शिक्षकों के साथ दक्षिण अफ्रीका के विद्यार्थी भी मोक्ष वृद्धाश्रम पहुंचे। शिक्षकों व विद्यार्थियों ने मोक्ष वृद्धाश्रम का अवलोकन किया और यहां पर निवास कर रहे बुजुर्गों से मुलाकात की। दक्षिण अफ्रीका के विद्यार्थियों ने शिक्षक अभिमन्यु सोनी व बिंदु वर्मा के निर्देशन में मोक्ष वृद्धाश्रम की दीवारों पर पेंटिंग बनाकर अपनी अभिव्यक्ति की। ये पेंटिंग देखकर बुजुर्गों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### लुवास की युवा शक्ति अयोध्या में दिखाएगी दमखम

**हिसार** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) का 40 सदस्यीय दल अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेल एवं खेलकूद मीट 2024-25 में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए रवाना हुआ। यह राष्ट्रीय स्तर का आयोजन आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या में आयोजित किया जा रहा है, जहां देशभर के कृषि विश्वविद्यालयों के खिलाड़ी अपनी खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। लुवास के इस दल में आठ लड़की और 32 लड़के शामिल हैं।

### ट्रेन की की चपेट में आने से युवक की मौत

हांसी। हिसार भिवानी रेलवे लाइन स्थित ओरंगनगर रेलवे स्टेशन के समीप बृहस्पतिवार रात को ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया जहां मृतक की पहचान उत्तर-प्रदेश के पिपरा गांव निवासी 27 वर्षीय महेंद्र के रुप में हुई है। नागरिक अस्पताल में मौजूद मृतक महेंद्र के चचेरे भाई सर्वेश ने बताया कि महेंद्र ओरंगनगर के समीप लक्ष्मी ईंट भट्टे पर मजदूरी करता था। और वह बृहस्पतिवार शाम को खाना खाकर किसी काम के लिए निकला था।



### आयुषी ने फ्लोरिडा, संयुक्त अमेरिका में लहराया परचम

हिसार फ्लोरिडा में आयोजित 29वीं स्टेटसन पर्यावरण म्यूट कोर्ट प्रतियोगिता में भाग लेते हुए हिसार की बेटी आयुषी ने ना सिर्फ अपने विश्वविद्यालय का बल्कि अपने देश का भी नाम रोशन किया है। आयुषी ने प्रारंभिक शिक्षा ओपी जिंदल मॉडर्न स्कूल हिसार से करने के उपरान्त क्लेट प्रतियोगिता के माध्यम से नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जोधपुर में प्रवेश लिया। अपनी शिक्षा के दौरान उसे सबसे प्रतिष्ठित इंटरनेशनल मूट कोर्ट में भाग लेने का अवसर मिला।

## 4-5 दिन में पानी की समस्या का हल नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी

# पेयजल और सिंचाई पानी को लेकर संयुक्त जल संघर्ष समिति का प्रदर्शन

- पंजाब सीएम मान पर निकाली जमकर अपनी भड़ास
- बोले, भाखड़ा नहर के पानी पर हरियाणा-पंजाब का बराबर का हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

संयुक्त जल संघर्ष समिति के आहवान पर पेयजल व सिंचाई के पानी को लेकर जिलास्तरीय विरोध व रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में विभिन्न संगठन शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सरकार से मांग की कि जनता को शीघ्र अति शीघ्र पेयजल व सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराया जाने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। समिति के प्रदर्शन को देखते लघु सचिवालय के मुख्य गेट पर भारी संख्या में पुलिस को तैनात किया गया था, ताकि प्रदर्शनकारी अंदर न घुस सके। ज्ञापन देने के बाद संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि अगर 4-5 दिनों में पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान किसान नेताओं ने भाखड़ा नहर का पानी रोकने को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर भी जमकर अपनी भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार को ऐसा नहीं करना चाहिए भाखड़ा के पानी पर हरियाणा व पंजाब का बराबर का हक है।



हिसार । नहरी पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन करते किसानों संगठनों के सदस्य।

### यह रहे उपस्थित

इस मौके पर सत्यवीर झाझड़िया, रामबीर न्योली, हवा सिंह झाझड़िया, निहाल सिंह डांगी, सोमवीर बैनीवाल, महावीर कड़वासरा, विजय भाम्भू, जिला पार्षद आशीष गोदार, अनिल गोरछी, रामभगत श्योराण, सुलतान पूनिया, राजेन्द्र छिम्पा, पवन लौरा, रामफल सरहेड़ा, सारज लुदास, नरेन्द्र सहापुर, कुलदीप लाडवा, राममेहर सरपंच, सतबीर नम्बरदार, अनिल लौरा, अनिल भादू, मांगेराम भाकर, ईश्वर नम्बरदार, सुरेश काजला, कपूर सिंह आर्य आदि उपस्थित थे।

### पानी पर सरकारें कर रही राजनीति

इससे पूर्व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट चार के सामने स्मृति वन पार्क में संगठनों ने एकत्रित होकर पानी की समस्या को लेकर गहन विचार विमर्श किया। इस प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता सुबेदार हरीसिंह, सूरजभान डाया, जगदीश लौरा पूर्व सरपंच व सन्दीप सिचाई ने की। मंच का संचालन किसान नेता मा. सत्यवीर गढ़वाल ने किया। समिति प्रधान विजेन्द्र बैनीवाल, महासचिव सत्यवीर पूनिया, मुख्य सलाहकार दिलबाग हुड्डा, सुरेन्द्र आर्य, सतपाल काजला, बलराज बिजला, सुरेश कामरेड, राजू खरड़, हर्षदीप गिल, रोधी खाप, रणधीर बामल, महावीर सिंघवा ने सम्बोधित किया। उन्होंने संयुक्त रूप से सरकार को चेताया कि नहरी पानी व पेयजल की सप्लाई नियमित रूप से पूरी नहीं की गई तो जल्द ही बड़े आन्दोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा, पंजाब व केन्द्र सरकार लोगों को भ्रमित कर रही है और पानी को लेकर सरकारें राजनीति कर रही हैं। पानी के सप्लाई के गलत आंकड़े देकर जनता से धोखा किया जा रहा है। सरकारों की आपसी लड़ाई का नुकसान जीव जन्तु, पशु-पक्षियों व आमजन को भुगतना पड़ रहा है।

### सिंचाई तो दूर पीने को भी पानी नहीं

वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में हालात इस कद्र खराब हो गए है कि फसलों के लिए पानी तो दूर की बात पीने के लिए भी उपलब्ध नहीं है। पानी की समस्या को लेकर आमजन में त्राहि मची हुई है। सरकार पेयजल का प्रबन्ध करने में पूरी तरह से विफल हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जबसे भाखड़ा नहर का पानी आया है। आज तक ऐसी विकट स्थित नहीं हुई जबकि भाखड़ा डैम में कई बार पानी का जलस्तर इस वर्ष से भी कम रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि जनता को शीघ्र अति शीघ्र पेयजल व सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करवाया जाए।




हिसार । जलघर को शैक्षणिक भ्रमण करते विद्यार्थी।

# जल के बिना हमारा जीवन व्यर्थ : श्योराण

- विद्यार्थियों ने सीखी पानी को साफ करने की प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

राजकीय माध्यमिक विद्यालय और राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवसर के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को स्कूल के विज्ञान अध्यापक कर्मपाल सिंह श्योराण व प्राइमरी अध्यापक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में गांव के जल घर का भ्रमण करके सीखा कि पानी को कैसे साफ किया जाता है। वहां विद्यमान जल घर ऑपरेटर भूप सिंह व बंशी लाल ने स्कूल विद्यार्थियों को बताया कि पानी को विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है, जैसे छानना, कीटाणुशोधन और फ्लोरीडेशन, जिससे पानी पीने के लिए सुरक्षित हो जाता है। विज्ञान अध्यापक कर्मपाल सिंह ने बताया कि बच्चों को जल संरक्षण का सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं देना है। उन्हें साफ जल का महत्व और जल संरक्षण की व्यवहारिक जानकारी भी होनी चाहिए। जल के बिना हमारा जीवन व्यर्थ है। स्कूल के डीडीओ पटेल ने विद्यार्थियों को पानी को बचाने के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि अनावश्यक जल की बर्बादी अथवा टपकना एक ऋणात्मक ऊर्जा उत्पन्न करता है, जो आपके मन मस्तिष्क को प्रभावित करता है। जल, ऊर्जा एवं धन की बचत का आशय है कि दूसरों के हित में साधन लगाना।

# शतरंज टूर्नामेंट में राजू ने जीता स्वर्ण पदक

- विद्यार्थियों के मस्तिष्क के व्यायाम के लिए आवश्यक है शतरंज : डॉ. अहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में खेल एवं फिटनेस क्लब द्वारा विद्यार्थियों के लिए शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। सभी विभागों के छात्र व छात्राओं ने इस शतरंज टूर्नामेंट में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

छात्रों के लिए पांच राउंड खेले गए, जिसमें सिविल इंजीनियरिंग के छात्र राजू, कंप्यूटर इंजीनियरिंग के छात्र विकास कुमार तथा इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के छात्र नवीन ने क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते। छात्राओं के लिए तीन राउंड खेले गए, जिसमें कंप्यूटर इंजीनियरिंग की छात्रा नीतू, महक व कल्पना ने क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते।

संस्थान के प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह अहलावत ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए खेल प्रभारी प्रवीण पानू व रमेश गोस्वामी के प्रयासों की सराहना की तथा विजेताओं को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. अहलावत ने कहा कि शतरंज प्राचीन भारत की ओर से विश्व को दिया गया उपहार है तथा यह एक अच्छा मनोरंजक व तरोताजा करने वाला खेल है, जो विद्यार्थियों के लिए मस्तिष्क के व्यायाम के लिए आवश्यक है।




हिसार । विजेताओं को सम्मानित करते संस्थान के प्राचार्य डॉ. कुलवीर सिंह

# पंछियों के लिए पानी का आह्वान

- पंछियों को जल उपलब्ध करवाने के लिए स्वदेशी जागरण मंच ने बांटे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बढ़ती गर्मी और घटते जल स्त्रोतों की समस्या के मद्देनजर स्वदेशी जागरण मंच ने शहरवासियों को सकोरे बांटकर पंछियों को पानी उपलब्ध करवाने का आह्वान किया।

स्वदेशी जागरण मंच के प्रांतीय प्रचार प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। इस तपती गर्मी में पक्षियों को पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस कारण बहुत से पंछी काल का ग्रास बन जाते हैं। इसलिए स्वदेशी जागरण मंच ने पानी के लिए सकोरे बांटे हैं। इनमें पानी भरकर अपने घर या प्रतिष्ठान की छत पर और किसी पार्क या सार्वजनिक स्थल पर रखकर पंछियों को पानी उपलब्ध करवाया जा सकता हैसकोरे वितरण के दौरान संजीव शर्मा, महेंद्र पाल, भूपेंद्र, देवेंद्र अग्रवाल, प्रदीप बामल, अतुल पराशर, सत्यवान मुदगिल, अनिल शर्मा, पुनीत खुराना आदि रहे।



हिसार । सकोरे वितरित करते स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य।

# 6 व 7 मई को होगा कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. राजबीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2024-25 की सीआरएम स्कीम के अंतर्गत वितरित किए गए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन दोबारा किया जा रहा हैं। इन यंत्रों का सत्यापन पहले 30 नवम्बर को किया गया था, परंतु निदेशालय के नवीन निर्देशानुसार जिन कृषि यंत्रों पर 1 लाख रुपये से अधिक की अनुदान राशि दी गई है, उनका पुनः भौतिक सत्यापन आवश्यक है। सत्यापन 6 मई एवं 7 मई को सुबह 10 बजे से विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा।

# श्रमिक दिवस पर स्टाफ को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में मज़दूर दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य नितीश मिश्र ने छात्रों को श्रमिक दिवस के महत्व और इसकी शुरुआत के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह दिन श्रमिकों के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए मनाया जाता है।

विद्यालय निदेशक साहिल यादव ने स्कूल के सभी सहायक सदस्यों को उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना कोई भी संस्था आगे नहीं बढ़ सकती।




हांसी। श्रमिक दिवस पर स्कूल सहायकों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक निदेशक साहिल यादव व अन्य

# ध्यान सत्र में भगवान बुद्ध के संदेश से रूबरू होंगे साधक

- ध्यान साधना का अभ्यास भी करवाया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मानवता को सही राह दिखाने में विशिष्ट भूमिका निभाने वाले ओशो ध्यान उपवन में 4 मई को भगवान बुद्ध के संदेश पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होने वाले इस ध्यान सत्र में भगवान बुद्ध के दृष्टिकोण व देशनाओं को समझने का अवसर मिलेगा। इस दौरान ध्यान साधना का अभ्यास भी करवाया जाएगा। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय ने बताया कि भगवान बुद्ध ने समस्त मानवता को चेताया और जागृत करने का प्रयास किया। भगवान बुद्ध ने जीवन की हर समस्या का समाधान विश्लेषण से दिया।

# श्रमिक दिवस पर किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बृहस्पतिवार को मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के कठिन परिश्रम, समर्पण और समाज में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या रेणु बंसल ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की। उन्होंने श्रमिकों की महत्ता और उनके सम्मान करने की भावना अपने हृदय में जागृत करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इसके पश्चात छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया।



हांसी। श्रमिक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे

# प्राइवेट स्कूल संघ ने सीएम के मीडिया सचिव को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

प्राईवेट स्कूल संघ ने आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल डाटा के निदेशक हरि प्रकाश की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया सचिव प्रवीण अत्रे को उनके चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। मीडिया सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि आरटीई की खाली सीटें दिखाने के बाद भी हजारों स्कूलों का एमआईएस पोर्टल बन्द है। संघ प्रधान रविन्द्र अत्री ने बताया कि पिछले वर्षो से अनेक प्राइवेट स्कूल जिनका पोर्टल बन्द है वो स्कूल निःशुल्क बच्चों को शिक्षा दे रहे है। इस वर्ष कुछ टैक्नीकल कारण होने के कारण पोर्टल पर सीटे तो दिखाई लेकिन वे पोर्टल पर फाइल सबमिट नही हुई। इसके कारण मौलिक शिक्षा निदेशालय ने स्कूलों के एमआईएस पोर्टल को बन्द कर दिया। जिससे विद्यालय ना तो बच्चों का दाखिला कर पा रहे है ना ही स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट जारी कर पा रहे है इससे जो अभिभावक अपने बच्चों का स्कूल बदलना चाहते है, उनको पोर्टल बन्द होने की वजह से एसएलसी नहीं मिल पा रही है और आपस में झगड़े होने की स्थिति उत्पन्न हो रही है।



हांसी। मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल संघ के पदाधिकारी

**समारोह** एचएयू में विद्यार्थियों एवं ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को रोजगारोन्मुखी अवसर प्रदान करान रहा

# महिलाओं को सशक्त बनाकर ही बनाया जा सकता आत्मनिर्भर : प्रो. बीआर काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण एवं अनुसूचित जाति की ग्रामीण महिलाओं की उद्यमिता के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। महाविद्यालय के विस्तार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग तथा छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से समापन अवसर पर आयोजित प्रमाण-पत्र व प्रोत्साहन सामग्री वितरण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रदान करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। छात्राओं एवं ग्रामीण महिलाओं को व्यवहारिक दृष्टि से भी सक्षम बनाना है ताकि वे स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। महिलाओं को सशक्त बनाकर ही आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। कुलपति ने कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सिलाई मशीन और प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।



हिसार । प्रतिभागियों को सिलाई मशीन वितरित करते कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ।

### प्रशिक्षण देकर किया जागरूक

सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय की 235 छात्राओं ने कंप्यूटर, हैंडीक्राफ्ट, आत्म सुरक्षा, कौशल विकास, संचार कौशल सहित विभिन्न विषयों पर तथा 12 गांवों की 75 महिलाओं ने कपड़े के बैग बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि निदेशालय द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंच का संचालन अंजली व पूजा ने किया जबकि धन्यवाद प्रस्ताव प्रियांशु ने किया। महाविद्यालय की छात्राओं को आत्म सुरक्षा के लिए रोहताश कुमार ने प्रशिक्षण दिया।



हिसार : एचएसईबी वर्कर यूनियन की सदस्यता लेते कर्मचारी।

# नव नियुक्त 30 एलडीसी कर्मचारियों ने एचएसईबी यूनियन की सदयस्ता ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर में नव नियुक्त 30 एलडीसी कर्मचारियों ने एचएसईबी वर्कर यूनियन के राज्य सह–सचिव सतेन्द्र सहारण की अध्यक्षता में सदयस्ता ग्रहण की। बैठक का संचालन सतीश पहलवान द्वारा किया गया और इस मौके पर यूनियन (हेड ऑफिस, भिवानी) के पूर्व उप–महासचिव जसवंत सिंह भी मौजूद रहे। सहारण ने कहा कि सभी कर्मचारियों को यूनियन में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यूनियन में शामिल हुए सभी नए साथियों से हमें और मजबूती मिली है।